BSTC (Pre D.El.Ed) 2017 Question Paper with Answer Key

बीएसटीसी प्रवेश परीक्षा 2017 · प्रश्न-पत्र (हिन्दी/अंग्रेज़ी) एवं उत्तर कुंजी

Exam	Pre-BSTC (General) / Pre D.El.Ed entrance	**Date**	30 April 2017 (Sunday)
Conducted by	University of Kota	**Questions**	200 MCQs · 3 marks each · 600 marks
Sections	A Mental Ability (50) · B Rajasthan GK (50) · C Teaching Aptitude (50) · D Language: English (20) + Hindi (30)		
Negative marking	None	**Prepared**	Last verified 3 November 2026

How to use: attempt the paper in 3 hours under exam conditions, then check the answer key at the end (page 12). Question text is reproduced from a scanned copy of the 30.4.2017 paper; the Sanskrit alternative for Section D (Q171–200, for Pre-BSTC Sanskrit candidates) is not included here.

Answer key status: this is the **ParinamSetu answer key (unofficial, verified by our editors)**. The University of Kota's official 2017 key portal is no longer online, so we could not obtain it. Disputed questions are marked ⚠ and listed on the last page. Please verify on the official University of Kota site (uok.ac.in) before relying on any answer.

खंड A · मानसिक योग्यता (सामान्य बुद्धिमत्ता) · Mental Ability

प्रश्न 1–50 · 150 अंक

1. रोहन एवं कार्तिक की आयु क्रमशः 6 और 10 वर्ष हैं। कितने वर्ष बाद दोनों की आयु का जोड़ 34 वर्ष होगा?

(1) 9 (2) 12
(3) 14 (4) 16

2. आव्यूह में प्रश्नवाचक (?) चिन्ह के स्थान पर आने वाली सही संख्या है-

7	4	5
8	7	6
3	3	?
29	19	31

(1) 4 (2) 5
(3) 6 (4) 7

निर्देश: (प्रश्न 3-7): एक समूह में छः व्यक्ति A, B, C, D, E और F हैं। F की बहिन C है। E के पति का भाई B है। D, A का पिता और F का दादा है। समूह में दो पिता, तीन भाई और एक माँ है।

3. E का पति कौन है?

(1) B (2) C
(3) A (4) F

4. समूह में कितने पुरुष सदस्य हैं?

(1) 1 (2) 2
(3) 3 (4) 4

5. F का E से क्या संबंध है?

(1) चाचा (2) पति
(3) बेटा (4) बेटी


6. निम्न में से भाइयों का समूह कौन-सा है?

(1) ABF (2) ABD
(3) BFL (4) BDF

7. माँ कौन है?

(1) A (2) B
(3) D (4) E

8. निम्न तीसरे वृत्त में प्रश्न चिन्ह के स्थान पर उपयुक्त संख्या है-



(1) 105 (2) 120
(3) 64 (4) 56

9. जैसे चिकनी मिट्टी : मिट्टी के बर्तन, वैसे ही सोना : ?

(1) महिला (2) सुनार
(3) गहने (4) धातु

10. जैसे गाय : दूध, वैसे ही

(1) टोटी : पानी (2) पटाखे : ध्वनि
(3) मधुमक्खी : शहद (4) दीपक : रोशनी

11. जैसे पक्षी : पंख, वैसे ही मछली : ?

(1) पानी (2) गलफड़ा
(3) मीनपक्ष (4) पूँछ

12. जैसे चारपाई : फर्नीचर, वैसे ही

(1) अध्यापक : शिक्षा (2) चाँदी : धातु
(3) जाली : फ्रोक (4) स्कूटर : सवार

13. जैसे हत्या : प्रतिबद्ध, वैसे ही

(1) चोट : कारण (2) चोरी : कबूल
(3) गलती : सहमत (4) लड़ाई : हिम्मत

14. जैसे कैलेंडर : तारीख, वैसे ही

(1) शहर : पिन कोड (2) परिवहन : बस
(3) कार : पहिया (4) शब्दकोश : शब्द

15. जैसे पीतल : मिश्र धातु, वैसे ही
(1) कार : सड़क
(2) ट्रक : लोड
(3) पेंसिल : स्टेशनरी
(4) पुलिस : चोर

16. जैसे आरा : खाती, वैसे ही पेन : ?
(1) स्याही
(2) निब
(3) लेखक
(4) इनमें से कोई नहीं

17. जैसे जूता : चमड़ा, वैसे ही राजमार्ग : ?
(1) मार्ग (2) सड़क
(3) डामर (4) पगडंडी

18. जैसे क्षय रोग : फेफड़े, वैसे ही मोतियाबिंद : ?
(1) कान (2) आँख
(3) त्वचा (4) शोर

19. जैसे गोली : बन्दूक, वैसे ही धुआँ : ?
(1) कारखाना (2) चिमनी
(3) धूल (4) आग

20. यदि '+' का मतलब '×', '−' का मतलब '÷', '÷' का मतलब '+' और '×' का मतलब '−' तो 16 ÷ 64 − 4 × 4 + 3 का मान क्या होगा?
(1) 20 (2) 15
(3) 52 (4) 12

21. एक निश्चित कूट में यदि शब्द CORPUS को EMTNWQ से कूट किया जाता है तो TODDER का कूट शब्द होगा-
(1) WEMBGP (2) VMGFBP
(3) UMFBGP (4) VMFBGP

22. विषम का चयन करें-
(1) दार्जिलिंग (2) शिमला
(3) दिल्ली (4) नैनीताल

23. विषम का चयन करें-
(1) मोती (2) पुखराज
(3) हीरा (4) रूबी

24. जैसे हॉकी : खेल, वैसे ही
(1) राजा : शासन (2) संविधान : सभा
(3) किताब : सड़क (4) लैटिन : भाषा

निर्देश: (प्रश्न संख्या 25-29) निम्न जानकारी का अध्ययन कर प्रश्नों का उत्तर दें:
एक लोहार के पास लौहे की पाँच वस्तुएँ हैं A, B, C, D और E प्रत्येक का वजन अलग है।
(i) A का वजन B से दुगना है।
(ii) B का वजन C से साढ़े चार गुना है।
(iii) C का वजन D से आधा है।
(iv) D का वजन E से आधा है।
(v) E का वजन A से कम लेकिन C से ज्यादा है।

25. E वजन में कौन सी दो वस्तुओं से हल्की है?
(1) A, B (2) D, C
(3) A, C (4) D, B

26. E वजन में कौन सी दो वस्तुओं से भारी है?
(1) D, B (2) D, C
(3) A, C (4) A, B

27. निम्न में से कौन सी वस्तु वजन में सबसे भारी है?
(1) A (2) B
(3) C (4) D

28. निम्न में से कौन सा क्रम वस्तुओं के वजन के अवरोही क्रम को दर्शाता है?
(1) A, B, E, D, C (2) B, D, E, A, C
(3) A, B, C, D, E (4) C, D, E, B, A

29. निम्न में से कौन सी वस्तु वजन में सबसे हल्की है?
(1) A (2) B
(3) C (4) D

30. निम्न शब्दों को तार्किक एवम् अर्थपूर्ण क्रम में जमाएँ:
1. फसल 2. जड़ 3. तना 4. बीज 5. फूल
(1) 2, 3, 4, 1, 5 (2) 2, 4, 5, 1, 3
(3) 4, 2, 3, 5, 1 (4) 2, 3, 5, 1, 4

31. आज सोमवार है तो 61वें दिन कौन सा वार होगा?
(1) बुधवार (2) शनिवार
(3) मंगलवार (4) गुरुवार

32. एक परीक्षा में कुल छात्रों के 78% पास हुए। यदि कुल फेल छात्रों की संख्या 176 थी और 34% छात्रों को प्रथम श्रेणी मिली तो कितने छात्रों को प्रथम श्रेणी मिली?
(1) 272 (2) 112
(3) 210 (4) 254

33. विषम का चयन करें-
(1) शब्दकोश (2) पत्रिका
(3) अखबार (4) पुस्तकालय

34. निम्न शब्दों को तार्किक एवं अर्थपूर्ण क्रम में जमाएँ:
1. देश 2. फर्नीचर 3. जंगल 4. लकड़ी 5. पेड़
(1) 1, 3, 5, 4, 2 (2) 1, 4, 3, 2, 5
(3) 2, 4, 3, 1, 5 (4) 5, 2, 3, 1, 4

35. दिये गये चित्र में आयतों की कुल संख्या है-



(1) 6 (2) 4
(3) 8 (4) 9

36. अक्षरों का वह समूह जो दूसरों से अलग है-
(1) CEHL (2) KMPT
(3) NPSV (4) OQTX

37. तार्किक रूप से रिक्त स्थान की पूर्ति किससे होगी?
AEHN : BGKR : : DFGN : _____
(1) EHJR (2) EURN
(3) EHKQ (4) DHKQ

38. किसी वस्तु पर अकेली छूट कितनी होगी यदि उस पर शृंखला में छूट 20%, 10% और 25% है?
(1) 35% (2) 40%
(3) 46% (4) 55%

39. दिए गए कथनों से उपयुक्त निष्कर्ष का चयन करें-
कथनः I. सभी गाय बकरियाँ हैं।
II. सभी बकरियाँ श्वान हैं।
निष्कर्षः I. सभी गाय श्वान हैं।
II. सभी श्वान गाय हैं।
(1) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(2) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(3) दोनों निष्कर्ष I एवं II अनुसरण करते हैं।
(4) दोनों निष्कर्ष अनुसरण नहीं करते हैं।

40. विषम का चयन करें-
(1) महाविद्यालय : प्रधानाध्यापक
(2) बैंक : प्रबंधक
(3) डाकघर : डाकिया
(4) नौसेना : सेनाध्यक्ष

41. अनुक्रम 7, 8, 18, 57, ?, 1165 में अनुपस्थित संख्या है-
(1) 232 (2) 228
(3) 224 (4) 114

42. अनुक्रम 6, 11, 21, 36, 56, ? में अनुपस्थित संख्या है-
(1) 66 (2) 76
(3) 81 (4) 91

43. अनुक्रम 8, 12, 20, 32, ?, 68 में अनुपस्थित संख्या है-
(1) 42 (2) 46
(3) 48 (4) 50

44. अनुक्रम 56, 58, 62, 70, 84, 118, 182 में त्रुटिपूर्ण संख्या है-
(1) 62 (2) 70
(3) 84 (4) 118

45. अनुक्रम 4, 8, 24, 72, 480, 2880, 20160 में त्रुटिपूर्ण संख्या है-
(1) 24 (2) 72
(3) 2880 (4) 20160

46. निम्नलिखित में से सबसे छोटी संख्या क्या है?
(1) 55/100 (2) 14/27
(3) 22/30 (4) 30/50

47. एक निश्चित भाषा में यदि शब्द GOODNESS को HPCODR से कूट किया जाता है तो GREATNESS का कूट शब्द होगा-
(1) HQFZUMFRT (2) HQDXVMFRT
(3) HQEXUMESU (4) HQFXUNESU

48. यदि MADRAS को 517916 से कूट किया जाता है और TENANT को 432124 से कूट किया जाता है तो RMATSN को किससे कूट किया जायेगा?
(1) 851353 (2) 951462
(3) 941562 (4) 851363

49. ललित के बारे में मंजू ने बताया कि उसके भाई का पिता मेरे दादा का एकमात्र बेटा है, तो मंजू का ललित से क्या सम्बन्ध है?
(1) माँ (2) मामी
(3) चचेरी बहन (4) बहन

50. अनुक्रम 4, 6, 9, 14, 21, ? में अनुपस्थित संख्या है-
(1) 23 (2) 24
(3) 27 (4) 30

खंड B · राजस्थान का सामान्य ज्ञान · General Knowledge of Rajasthan

प्रश्न 51–100 · 150 अंक

51. वी.एन. रेऊ के अनुसार मारवाड़ का 'भूला हुआ नायक' कौन था?
(1) मालदेव (2) चन्द्रसेन
(3) दुर्गादास (4) बख्त सिंह

52. 'बनी-ठनी' किस चित्रशैली से संबंधित थी?
(1) किशनगढ़ (2) नाथद्वारा
(3) देवगढ़ (4) बूंदी

53. सन् 2011 की जनगणना के अनुसार, राजस्थान में कितने जिलों में 30 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या वृद्धि दर है?
(1) जैसलमेर, जयपुर (2) जयपुर, जोधपुर
(3) जैसलमेर, बाड़मेर (4) जयपुर, अजमेर

54. 'बेरी' क्या है?
(1) तालाब (2) बाँध
(3) एनीकट (4) कुआँ

55. अन्ता विद्युत शक्ति केन्द्र किस पर आधारित है?
(1) आणविक (2) पेट्रोलियम
(3) गैस (4) जल

56. 'सुनहरी (स्वर्ण) कोठी' पर्यटन स्थल किस जिले में स्थित है?
(1) उदयपुर (2) टोंक
(3) बीकानेर (4) जैसलमेर

57. कौन से युग्म सही हैं?
(a) मगरा नस्ल – भेड़ (b) मारवाड़ी नस्ल – भेड़
(c) मारवाड़ी नस्ल – बकरी (d) मालवी नस्ल – गाय
(1) (a), (b) एवं (d)
(2) (a) एवं (d)
(3) (a), (c) एवं (d)
(4) (a), (b), (c) एवं (d)

58. दुर्ग जो सुनारगढ़ से जाना जाता है, वह है-
(1) मेहरानगढ़ दुर्ग (2) मांडलगढ़ दुर्ग
(3) रणथम्भौर दुर्ग (4) जैसलमेर का किला

59. मीरा ने अपने अन्तिम दिन बिताये थे, वह स्थान था-
(1) चित्तौड़ (2) द्वारिका
(3) वृंदावन (4) मेड़ता

60. शेखावाटी क्षेत्र में गींदड़ नृत्य सामान्यतः किस त्यौहार के अवसर पर किया जाता है?
(1) होली (2) दीपावली
(3) गणगौर (4) तीज

61. 'थेवा' कला किस स्थान की प्रसिद्ध है?
(1) कोटा (2) बूंदी
(3) बाँसवाड़ा (4) प्रतापगढ़

62. अलगोजा क्या है?
(1) त्यौहार
(2) मेला
(3) वाद्य यंत्र
(4) एक प्रकार का नृत्य

63. कोटा, बूँदी, बारां और झालावाड़ जिले जाने जाते हैं-
(1) बागड़ क्षेत्र (2) हाड़ौती क्षेत्र
(3) ढूँढाड़ (4) जांगलदेश

64. निम्नांकित में से कौन सा दुर्ग जल दुर्ग के रूप में जाना जाता है?
(1) जालौर दुर्ग (2) बूँदी दुर्ग
(3) गागरोन दुर्ग (4) अलवर दुर्ग

65. वी.एन. रेऊ के अनुसार राजपूताना का 'भूला हुआ नायक' कौन था?
(1) महाराणा रायमल
(2) दुर्गादास
(3) राव चन्द्रसेन
(4) मिर्जा राजा जयसिंह

66. राजप्रशस्ति किस स्थान पर स्थापित की गई थी?
(1) जगदीश मंदिर में
(2) राजसमुद्र झील के बाँध में
(3) जय समुद्र पर
(4) चित्तौड़ में

67. 1665 में मिर्जा राजा जयसिंह और शिवाजी के मध्य हुई सन्धि कहलाती है _____ की सन्धि।
(1) बीजापुर (2) पुरन्दर
(3) सतारा (4) कोल्हापुर

68. 'कुचामनी ख्याल' के प्रवर्तक थे-
(1) लच्छीराम (2) मनीराम
(3) फागु महाराज (4) गोड़ाजी

69. निम्नांकित में किन सूबों में मानसिंह को अकबर ने सूबेदार नियुक्त किया?
(a) बिहार (b) बंगाल
(c) उत्तर-पश्चिम (d) अजमेर
(1) a एवं b (2) b एवं c
(3) a, b एवं c (4) b एवं d

70. राजस्थान उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति की नियुक्ति कौन करता है?
(1) भारत के राष्ट्रपति
(2) राजस्थान के राज्यपाल
(3) भारत के मुख्य न्यायमूर्ति
(4) राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति

71. राजस्थान विधानसभा की प्रथम महिला अध्यक्ष (स्पीकर) कौन थी?
(1) कमला
(2) सुमित्रासिंह
(3) गिरिजा व्यास
(4) लक्ष्मीकुमारी चूण्डावत

72. यूनेस्को ने 2013 ई. में राजस्थान के कितने दुर्गों को 'विश्व विरासत' सूची में सम्मिलित किया?
(1) दो (2) तीन
(3) छः (4) पाँच

73. जन्तर-मन्तर जयपुर को यूनेस्को ने विश्व विरासत सूची में किस वर्ष सम्मिलित किया था?
(1) 2000 ई. (2) 2006 ई.
(3) 2008 ई. (4) 2010 ई.

74. वि.सं. के कौन से मास में राजस्थान में छोटी तीज मनाई जाती है?
(1) श्रावण शुक्ल तीज
(2) भादवा कृष्ण तीज
(3) फाल्गुन शुक्ल तीज
(4) फाल्गुन कृष्ण तीज

75. टोटी नामक आभूषण कहाँ पहना जाता है?
(1) अंगुली (2) कान
(3) कमर (4) गर्दन

76. सांगा ने किस युद्ध में बाबर की सेना को पराजित किया?
(1) बयाना
(2) पानीपत का प्रथम युद्ध
(3) रणथम्भौर
(4) घाघरा

77. राजस्थान में बगोली सराय-पचलंगी क्षेत्र किस खनिज के लिए जाना जाता है?
(1) मैंगनीज (2) संगमरमर
(3) ताँबा (4) लौह-अयस्क

78. दुर्गादास राठौड़ की मृत्यु हुई थी-
(1) जोधपुर में (2) उदयपुर में
(3) उज्जैन में (4) रामपुरा में

79. शिशुपाल वध के लेखक थे-
(1) माघ (2) ब्रह्मगुप्त
(3) हरिभद्र सूरी (4) रणछोड़ भट्ट

80. निम्नांकित जिस इतिहासवेत्ता को चित्तौड़ की पद्मिनी की ऐतिहासिकता पर सन्देह है, वह है-
(1) दशरथ शर्मा (2) मुनि जिनविजयजी
(3) जी.एन. शर्मा (4) के.आर. कानूनगो

81. अलाउद्दीन खिलजी के आक्रमण के समय जालौर का शासक कौन था?
(1) हम्मीर (2) कान्हड़देव
(3) रतनसिंह (4) विरमदेव

82. स्थान जहाँ 1734 ई. में मराठों को खदेड़ने के लिए राजस्थान के शासकों की मंत्रणा हुई, वह था-
(1) हुरड़ा (2) बनेड़ा
(3) जयपुर (4) भीलवाड़ा

83. मेवाड़ प्रजामण्डल का प्रथम अध्यक्ष कौन था?
(1) माणिकलाल वर्मा (2) भूरेलाल बाया
(3) बलवंतसिंह मेहता (4) रमेशचन्द्र

84. मानगढ़ हत्याकांड किस वर्ष में हुआ था?
(1) 1908 (2) 1910
(3) 1911 (4) 1913

85. लटकन नामक आभूषण कहाँ पहना जाता है-
(1) अंगुली-कान (2) नाक-कान
(3) अंगुली-नाक (4) कलाई-कमर

86. डाबड़ा कांड किस वर्ष में हुआ था?
(1) 1945 (2) 1944
(3) 1946 (4) 1947

87. 1936 में बीकानेर प्रजामंडल की स्थापना किस स्थान पर हुई थी?
(1) बीकानेर (2) कलकत्ता
(3) बम्बई (4) गंगानगर

88. राजस्थान राज्य का वर्तमान स्वरूप जिस तिथि से है, वह है-
(1) 15 अगस्त, 1947 (2) 30 मार्च, 1949
(3) 26 जनवरी, 1950 (4) 1 नवम्बर, 1956

89. नाथा चितेरा चित्रकला की किस शैली से सम्बन्धित था?
(1) बून्दी (2) जयपुर
(3) मारवाड़ (4) बीकानेर

90. महाराणा प्रताप ने अपना अन्तिम समय कहाँ व्यतीत किया था?
(1) चित्तौड़ (2) उदयपुर
(3) चावण्ड (4) गोगुन्दा

91. खरीता एक पत्र है जो भेजा जाता है-
(1) मुगल शासक द्वारा राजस्थानी शासकों को
(2) एक शासक द्वारा दूसरे शासक को
(3) शासक द्वारा अपने पदाधिकारियों को
(4) शासक द्वारा अपने सामन्तों को

92. सवाई जयसिंह ने कितने स्थानों पर वेधशालाओं का निर्माण कराया?
(1) 5 (2) 3
(3) 6 (4) 7

93. एकी आंदोलन का नेतृत्व किसने किया था?
(1) बलवंत सिंह (2) मोतीलाल तेजावत
(3) विजयसिंह (4) मणिलाल कोठारी

94. मण्डोर के प्रतिहार अपने वंश का प्रारंभ किससे मानते हैं?
(1) हरिश्चन्द्र (2) नागभट्ट
(3) दद्दा (4) भोगभट्ट

95. घोसुण्डी शिलालेख (द्वितीय शताब्दी ई.पू.) किस लिपि में उत्कीर्ण है?
(1) देवनागरी (2) खरोष्ठी
(3) ब्राह्मी (4) अरेमाइक

96. 'पृथ्वीराज विजय' कृति का लेखक कौन है?
(1) चन्द बरदाई (2) कल्हण
(3) सूर्यमल्ल (4) जयानक

97. जाम्भोजी के 29 नियमों का पालन करने वाले अनुयायी कहलाये:
(1) नाथपंथी (2) जाम्भोपंथी
(3) गुरुपंथी (4) विश्नोई

98. मुगल सम्राट अकबर से वैवाहिक संबंध करने वाला राजस्थान का प्रथम राजपूत कुल कौन सा था?
(1) प्रतिहार (2) चौहान
(3) कछवाहा (4) राठौड़

99. सिंहथल में रामस्नेही सम्प्रदाय किसने स्थापित किया था?
(1) हरिरामदास (2) रामचरण
(3) दरियावजी (4) रामदास

100. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

स्थान	वर्तमान जिला
(1) धनेरो - पाली	(2) गिलूण्ड - अजमेर
(3) बालाथल - उदयपुर	(4) गणेश्वर - सीकर

खंड C · शिक्षण अभिक्षमता · Teaching Aptitude

प्रश्न 101–150 · 150 अंक

101. विद्यार्थियों द्वारा अध्यापक के किस गुण को सर्वाधिक पसन्द किया जाता है?
(1) समय की पाबंदी (2) निष्पक्षता
(3) अनुशासनप्रियता (4) प्रभुत्व

102. शिक्षा है-
(1) प्रत्येक के जीवन में आदर्शों को प्राप्त करने के लिए व्यावहारिक विधि
(2) जीवन के रहस्यों को जानने की विधि
(3) व्यावसायिक योग्यताओं को प्राप्त करने की विधि
(4) सत्य को जानने की विधि

103. एक विद्यार्थी किसी समस्या को बिना किसी सहायता से हल करने का प्रयास कर रहा है, अध्यापक को-
(1) उसे मित्रों से सहायता लेने की सलाह देनी चाहिए।
(2) उस पर ध्यान देना चाहिए।
(3) उसे डाँटना चाहिए।
(4) उसके व्यक्तिगत प्रयास की सराहना करनी चाहिए।

104. आपके विचार से औचक परीक्षा न्यायोचित है क्योंकि-
(1) इस दौरान विद्यार्थी भयभीत रहते हैं।
(2) आपको इस हेतु घर से कोई तैयारी करके नहीं आना पड़ता।
(3) औचक परीक्षा लेने की योग्यता होने के कारण आप शिक्षण से बच सकते हैं।
(4) इस प्रकार की परीक्षा से विद्यार्थियों की योग्यता एवं ज्ञान की वास्तविक जाँच हो पाती है।

105. कक्षा कक्ष में अनुशासन बनाने के लिए आवश्यक है-
(1) शिक्षक का आदर्श एवं विद्वतापूर्ण व्यक्तित्व
(2) शिक्षक की संजीदा/गंभीर प्रकृति
(3) अध्यापक का सुपरिधानित व्यक्तित्व
(4) अध्यापक का सम्मानित कैडर

106. आप विद्यार्थियों को प्रश्न पूछना क्यों चाहते हैं?
(1) यह जानने के लिए कि वे ध्यानपूर्वक सुन रहे हैं या नहीं।
(2) यह जानने के लिए कि सब विद्यार्थियों में से किसका बुद्धि स्तर उच्च है।
(3) यह जानने के लिए कि जिस प्रकरण पर चर्चा हुई थी वह विद्यार्थियों को पूरा समझ में आया है या नहीं।
(4) विद्यार्थियों की सहायता के लिए।

107. अध्यापक द्वारा विद्यार्थियों को दिया हुआ लिखित कार्य/ नियत कार्य कब जाँचना चाहिए?
(1) जब उसे समय मिले।
(2) लिखित कार्य/ नियत कार्य पूर्ण करने के तुरन्त बाद।
(3) रविवार को, सप्ताह का अन्तिम दिन।
(4) साथ में आ रहे सप्ताह के दौरान।

108. अध्यापक को कक्षा कक्ष में किस प्रकार के प्रश्न पूछने चाहिये?
(1) ऐसे प्रश्न जिनके उत्तर विद्यार्थी आसनी से दे सकें।
(2) ऐसे प्रश्न जिनके उत्तर विद्यार्थी आसानी से नहीं दे सकें।
(3) ऐसे प्रश्न जिनके प्राप्त उत्तरों से अध्यापक को यह निर्णय लेने की सुविधा मिल सके कि विद्यार्थी को पाठ पूरा समझ में आया है या नहीं।
(4) ऐसे प्रश्न जिनसे यह संकेत मिल सके कि विद्यार्थी अध्यापक के शिक्षण से प्रभावित हुए हैं या नहीं।

109. विद्यार्थियों की उपलब्धि के मूल्यांकन का सबसे अच्छा तरीका है-
(1) वार्षिक परीक्षा
(2) अर्धवार्षिक परीक्षा
(3) त्रैमासिक परीक्षा
(4) मासिक परीक्षा

110. विद्यार्थियों को गृहकार्य दिया जाना चाहिए-
(1) उनकी रुचि के अनुसार।
(2) उनकी आयु को ध्यान में रखते हुए।
(3) उनके बुद्धि स्तर को ध्यान में रखते हुए।
(4) उनके अन्तिम (वार्षिक) परीक्षा की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए।

111. हमारे समाज में भ्रष्टाचार व्यापक रूप से फैला हुआ है। आपका इस संदर्भ में क्या विचार है?
(1) मैं इसे दूर करने हेतु शिक्षा में बदलाव लाना चाहूँगा।
(2) मैं ऐसे लोगों को घृणा से देखूँगा।
(3) मैं इसके कारणों को जानने की कोशिश करूंगा।
(4) इस पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है।

112. अखबार के संप्रेषण में प्रतिपुष्टि क्या होगी?
(1) लेख (2) सम्पादकीय
(3) सम्पादक को पत्र (4) समाचार

113. प्रभावी सम्प्रेषण के लिए आप सर्वप्रथम कौन- सा चरण अपनाना चाहेंगे?
(1) संप्रेषण का माध्यम चयन करना।
(2) मूल्यांकन प्रक्रिया का निर्धारण करना।
(3) संप्रेषण के उद्देश्यों को स्पष्ट रूप से तय करना।
(4) संप्रेषण हेतु विभिन्न संचार माध्यमों की पहचान करना।

114. प्रभावी संप्रेषण संभव होता है जब-
(1) स्रोत आकर्षक एवं प्राधिकारीपूर्ण हो।
(2) संदेश का प्रारूप ग्राही को सम्मिलित करता हो।
(3) आधुनिक संप्रेषण तकनीकी को प्रयोग किया है।
(4) जब ग्रहण करने वाला निष्क्रिय हो।

115. यदि कोई विद्यार्थी अपनी कक्षा के सभी विषयों में कमजोर है तो आप क्या करेंगे?
(1) आप उसकी कमजोरी के कारणों को जानने की कोशिश करेंगे।
(2) आप उसकी विशिष्ट प्रकार की कमजोरी खोजेंगे।
(3) आप उसके प्रत्येक विषय में कमजोरी का पृथक-पृथक पता लगायेंगे।
(4) जैसे ही कमजोरी का पता लगता है उसे तुरंत दूर करने का प्रयास करेंगे।

116. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य नहीं है?
(1) एक अच्छा संप्रेषणकर्ता एक अच्छा अध्यापक नहीं हो सकता।
(2) एक अच्छे संप्रेषणकर्ता को अच्छे हाजिरजवाबी की समझ होती है।
(3) एक अच्छे संप्रेषणकर्ता के पास व्यापक अध्ययन वृत्ति होती है।
(4) एक अच्छे संप्रेषणकर्त्ता की भाषा पर पकड़ होती है।

117. कक्षा कक्ष संप्रेषण में सबसे मजबूत अवरोधक है-
(1) कक्षा कक्ष में शोर
(2) अध्यापक के पक्ष की तरफ से भ्रांति
(3) कक्षा कक्ष में बाहर का अधिक व्यवधान
(4) शिक्षण सामग्री की कमी

118. प्रभावी शिक्षण साधारणतया फलक होता है-
(1) अध्यापक की विद्वता का।
(2) अध्यापक की ईमानदारी का।
(3) अध्यापक द्वारा विद्यार्थी को सिखाने और अच्छी तरह से समझने का।
(4) अध्यापक का शिक्षण व्यवसाय को पसन्द करने का।

119. एक शिक्षक प्रभावी होता है यदि-
(1) वह कक्षा में प्रत्येक बात को समझाता है।
(2) प्रत्येक बालक के लिए व्याख्या को दोहराता है।
(3) विविध प्रकार के अधिगम अनुभव प्रदान करता है।
(4) वह विद्यार्थी द्वारा उठाये गये सभी प्रश्नों के उत्तर देता है।

120. प्रभावी संप्रेषण को आवश्यकता नहीं होती-
(1) भाषण के प्रारूप में बदलाव करने की।
(2) उपयुक्त हावभाव की।
(3) विषय वस्तु की दक्षता की।
(4) आकर्षक व्यक्तित्व की।

121. शिक्षा एवं सामाजिक आर्थिक विकास-
(1) सीधे आनुपातिक रूप से सम्बन्धित हैं।
(2) अप्रत्यक्ष आनुपातिक रूप से सम्बन्धित हैं।
(3) कभी सम्बन्धित हैं कभी नहीं।
(4) सम्बन्धित नहीं है।

122. आप अध्यापन कार्य करना पसन्द करते हैं क्योंकि-
(1) विद्यार्थी अध्यापक की उपस्थिति में शरारत नहीं करते हैं।
(2) आपके अभिभावक आदर्श व्यवसाय होने के नाते इसे अपनाने को कहते हैं।
(3) आपको शिक्षण में रुचि है।
(4) इस व्यवसाय में व्यक्ति को निरन्तर अध्ययनरत रहना होता है।

123. ईमानदारी सर्वोत्तम नीति है क्योंकि-
(1) जो इस सूत्र को अपनाता है, ईश्वर उसे पुरस्कार देता है।
(2) यह समाज में सम्मान प्रदान करती है।
(3) यह समाज में संसक्ति प्रदान करती है।
(4) यह भौतिक सम्पन्नता और आध्यात्मिक जागरुकता प्रदान करती है।

124. सद्भावपूर्ण सामाजिक सम्बन्धों को बनाए रखने एवं बढ़ाने हेतु अध्यापक को जोर देना चाहिए-
(1) जीवन के बौद्धिक मूल्यों पर।
(2) जीवन के सांवेगिक मूल्यों पर।
(3) जीवन के शारीरिक/अंगीय मूल्यों पर।
(4) जीवन के प्रजातांत्रिक मूल्यों पर।

125. कक्षा कक्ष शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने हेतु प्रत्येक अध्यापक को-
(1) अपने साथियों से चर्चा करनी चाहिए।
(2) विद्यार्थियों के जवाबों का विश्लेषण करना चाहिए।
(3) अपने विषय में हुए नये परिवर्तन/ विकास के प्रति सचेत रहना चाहिए।
(4) अपने लेखों को प्रकाशित करना चाहिए।

126. एक अध्यापक के रूप में, आपका हड़ताल पर जाने के प्रति क्या मत है?
(1) हड़ताल किसी समस्या का हल नहीं है।
(2) हड़ताल राष्ट्र के विकास पथ पर बाधा है।
(3) हड़ताल पर जाना अध्यापक की गरिमा के खिलाफ है।
(4) हड़ताल पर जाना अंतिम चारा होना चाहिए।

127. एक अध्यापक के रूप में आप समाज में अपनी अलग पहचान बनाने के लिए क्या पसन्द करोगे?
(1) आप राजनैतिक पार्टी से जुड़ेंगे।
(2) आप राजनैतिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से जुड़े रहेंगे।
(3) आप अपनी शिक्षण सम्बन्धी जिम्मेदारियों को सही रूप से निर्वहन करना चाहेंगे।
(4) आप समाज में यह साबित करने की कोशिश करेंगे कि आप सर्वोत्तम हैं।

128. इन दिनों में, शिक्षित व्यक्ति ज्यादातर बेरोजगार दिखाई पड़ रहे हैं। आपकी दृष्टि से इसका क्या कारण हो सकता है?
(1) शैक्षिक स्तर में गिरावट
(2) शिक्षा का फैलाव दूर एवं व्यापक
(3) शिक्षा बिना सिद्धांतों के
(4) शिक्षा बिना उद्देश्यों के

129. अर्थपूर्ण परीक्षा का विशिष्ट लक्षण निम्नलिखित में से होगा-
(1) इस परीक्षा में सभी विद्यार्थियों को अच्छे अंक प्राप्त हों।
(2) विद्यार्थी जितनी आशा करते हैं उससे भी अधिक अंक उनको मिले।
(3) परीक्षा ऐसी हो जो सक्षम और असक्षम विद्यार्थियों को भेद कर सके।
(4) विद्यार्थी इस प्रकार की परीक्षाओं से डरे नहीं।

130. आपके दृष्टिकोण से समाज के प्रति उपयुक्त अभिवृत्ति होगी-
(1) लोगों के साथ कोई विशेष सम्बन्ध की आवश्यकता नहीं।
(2) कुछ लोगों से ही सम्बन्ध होने चाहिए।
(3) सामान्यतः सबके साथ सम्बन्ध होने चाहिए।
(4) विश्वसनीय लोगों से ही सम्बन्ध होने चाहिए।

131. शिक्षा न केवल संस्कृति को संरक्षित करती है अपितु यह बाद में उसे-
(1) समृद्ध बनाती है।
(2) परिभाषित करती है।
(3) आध्यात्मिक बनाती है।
(4) जनसमूह के मध्य प्रसिद्धि दिलाती है।

132. निम्नलिखित में से कौन सी सृजनात्मकता की विशेषता नहीं है?
(1) नवीन चिंतन (2) मौलिकता
(3) उत्पादकता (4) अपरिवर्तनशीलता

133. विद्यार्थियों के कार्यों का निरंतर मूल्यांकन होना चाहिए क्योंकि-
(1) इससे ये अध्यापक के नियंत्रण में रहेंगे।
(2) समय का सुदपयोग होगा।
(3) विद्यार्थी सत्र पर्यन्त अध्ययन के लिए प्रेरित रहेंगे।
(4) विद्यार्थियों को परीक्षा का अनुभव मिल जायेगा।

134. किसी संगठन में कमजोर नेतृत्व का क्या परिणाम होगा?
(1) संगठन टूट जायेगा।
(2) संगठन में विद्रोह हो जायेगा।
(3) संगठन में नई शक्ति का उदय होगा।
(4) संगठन का प्रत्येक सदस्य स्वतंत्र हो जायेगा।

135. शिक्षण प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है-
(1) शिक्षण व्यवसाय के प्रति प्रेरित करना।
(2) शिक्षण कौशलों की दक्षता विकसित करना।
(3) विद्यार्थियों की पहचान करने की योग्यता विकसित करना।
(4) अध्यापकों की बढ़ती माँग की पूर्ति करना।

136. एक छोटा बच्चा किसकी आदतें ग्रहण करता है?
(1) उसके मित्रों की
(2) सहपाठी तथा विद्यालय के मित्र
(3) परिवार के सदस्यों की
(4) उसके अध्यापकों की

137. मैं अपने समूह के सदस्यों की आवश्यकताओं की पूर्ति करने की कोशिश इस आशा के साथ करता हूँ कि वे आज्ञाकारी व वफादारी से मेरे नेतृत्व को स्वीकार करेंगे। इस प्रकार का नेतृत्व कहलाता है-
(1) प्रजातांत्रिक (2) प्रभुत्ववादी
(3) समझौतावादी (4) आशावादी

138. विद्यार्थी के हित में अध्यापक का उत्तरदायित्व निहित है-
(1) विद्यालय में
(2) विद्यालय और समाज दोनों में
(3) खेल के मैदान में
(4) बाजार में

139. आपकी दृष्टि से एक विद्यालय के प्रधानाध्यापक में सबसे महत्वपूर्ण आवश्यक गुण जो उनके व्यक्तित्व में होना चाहिए, है-
(1) उच्च योग्यताधारी (2) निष्पक्ष
(3) ज्ञानवान (4) कठोर

140. आन्तरिक मूल्यांकन प्रणाली की सिफारिश की जा चुकी है, क्योंकि-
(1) शिक्षक उनके विद्यार्थियों को जानते हैं।
(2) अध्यापक वे ही प्रश्न पूछते हैं जो उन्होंने पढ़ाये हैं।
(3) अध्यापक उनके विद्यार्थी के सबसे अच्छे निर्णायक होते हैं।
(4) विद्यार्थी परीक्षा के दौरान तनावमुक्त रहेंगे।

141. समूह का मनोबल बनाए रखने के लिए कौन सा तत्त्व आवश्यक है?
(1) स्पष्ट उद्देश्य
(2) समूह में एकता
(3) समूह के सदस्यों की सम्पन्नता
(4) समूह द्वन्द्वता

142. आपके दृष्टिकोण से अध्यापन व्यवसाय है-
(1) रुचिकर और कठोर
(2) सरल लेकिन अरुचिपूर्ण
(3) रुचिकर और उत्तरदायित्वपूर्ण
(4) अपेक्षाकृत कम उत्तरदायित्वपूर्ण

143. हमारी शिक्षा प्रणाली में सुधार दिखाई नहीं पड़ रहा है, क्योंकि-
(1) प्रशासक उदासीन हैं।
(2) शिक्षक उदासीन हैं।
(3) राजनीतिज्ञ उदासीन हैं।
(4) जनता उदासीन है।

144. आपके कुछ विद्यार्थी आपकी कक्षा में लगातार नहीं आ रहे हैं, एक शिक्षक के रूप में आप क्या करेंगे?
(1) कोई ध्यान नहीं दूँगा।
(2) उन विद्यार्थियों को दण्डित करूँगा।
(3) शिक्षण को ज्यादा प्रभावी बनाऊँगा।
(4) कारणों को जानूँगा और उन्हें दूर करने का प्रयास करूँगा।

145. अध्यापक बनने के बाद आप किस प्रकार का कार्य करना पसंद करेंगे?
(1) विद्यार्थियों की सहायता करना।
(2) विद्यार्थियों के ज्ञान स्तर को समृद्ध करना।
(3) विद्यार्थियों की शिकायत प्राचार्य को करना।
(4) अपने विद्यालय में शिक्षण स्तर को बढ़ाना।

146. आप अपने विद्यार्थी को किस प्रकार का गृहकार्य देना पसंद करेंगे?
(1) कठिन एवं जटिल गृहकार्य ताकि ये इसे अधिक मेहनत से पूरा करें।
(2) सरल एवं मनोरंजनपूर्ण गृहकार्य ताकि ये इसे अपनी सुविधा से हल कर सकें।
(3) अरुचिपूर्ण ताकि वे शीघ्र ऊब जायें।
(4) संक्षिप्त एवं उत्तेजना से पूर्ण ताकि वे इसे स्वयं हल कर सकें।

147. अभी तक आपने जो शिक्षा प्राप्त की है वह-
(1) समय काटने का पड़ाव रहा है।
(2) उपयोगी और मूल्यवान रहा है।
(3) यह आपके धन सम्पत्ति प्राप्त करने के जुनून को बढ़ाने वाला रहा।
(4) यह नैतिक मूल्यों रहित रहा।

148. अध्यापक यह जानना चाहता हो कि उसका शिक्षण प्रभावी है या नहीं तो उसे शिक्षण के दौरान ही-
(1) विद्यार्थियों को हँसाना चाहिए।
(2) लापरवाह विद्यार्थियों को हतोत्साहित करना चाहिए।
(3) कमजोर विद्यार्थियों को निष्कासित कर देना चाहिए।
(4) सुसंगत प्रश्न पूछने चाहिए।

149. शिक्षा सर्वोत्तम रूप से है-
(1) बालकों के सांवेगिक विकास।
(2) विद्यार्थियों के मध्य धार्मिक हठधर्मिता की शिक्षा देने की प्रक्रिया।
(3) बालकों के समग्र विकास की प्रक्रिया।
(4) बालकों का बौद्धिक विकास करना।

150. नया पाठ आरम्भ करने से पूर्व पुराने पाठ को दोहराना चाहिए क्योंकि-
(1) विद्यार्थी की योग्यता की जाँच हो जाती है।
(2) यदि नया पाठ पुराने पाठ से सम्बन्धित है तो नया पाठ आसानी से समझ आ जाता है।
(3) विद्यार्थी पुराना पाठ पढ़ने के पश्चात् विद्यालय आते हैं।
(4) यह कक्षा अनुशासन बनाए रखने में मदद करता है।

खंड D · भाषा योग्यता – अंग्रेज़ी · English Language

प्रश्न 151–170 · 60 अंक

Directions (Qn. 151 - 153): Choose from the following four alternatives the correct version of the underlined sentence:

151. Only ten boys he had called.
(1) Only ten boys had he called.
(2) Ten only boys had he called.
(3) Only ten boys had he been called.
(4) Only ten boys had he being called.

152. As a housewife Madhu was very skillful in cooking Chinese food.
(1) As a housewife Madhu was very skillful for cooking Chinese food.
(2) As a housewife Madhu was very skillful at cooking Chinese food.
(3) As a housewife Madhu was very skillful of cooking Chinese food.
(4) As a housewife Madhu was very skilledful in cooking food.

153. The young Major was the chiefest suspect in this case.
(1) The young major was the chief suspect in this case.
(2) The young major was the most chief suspect in this case.
(3) The young major was the only chiefest suspect in this case.
(4) The young major was but the only chiefest suspect in this case.

Directions (Qn. 154 & 155): Choose the alternative that is closest in meaning to the one given at the top.

154. Depository
(1) Inheritor (2) Word
(3) Patron (4) Trustee

155. Vindicate
(1) Open (2) Ventilate
(3) Justify (4) Recommend

Directions (Qn. 156 & 157): Choose the alternative that is most oppositive in meaning to the one given at the top.

156. Considerable
(1) Inadequate (2) Inattentive
(3) Usual (4) Common

157. Inflexible
(1) Soft (2) Tender
(3) Yielding (4) Obedient

Directions: (158 & 159): Find out the part that has an error.

158. She has a remarkably (1) kindly (2) disposition who (3) wins her (4) friends wherever she goes.
Options: (1) (2) (3) (4) (mark the underlined part)

159. I do (1) all cooking and cleaning and beside (2) that I help my husband with (3) his homework (4).
Options: (1) (2) (3) (4) (mark the underlined part)

Directions: (Qn. 160 & 161): Choose the correctly spelt word.

160. Choose the correctly spelt word.
(1) Inflamatery (2) Inflammatory
(3) Infllamatory (4) Inflamatory

161. Choose the correctly spelt word.
(1) Communique (2) Communiqe
(3) Comunique (4) Communike

Directions: (Qn. 162 & 163): Find one word for the group of words given at the top.

162. Logical and well organized
(1) consistent (2) coherent
(3) decorative (4) rhetorical

163. deliberate destruction or damage of private or public property
(1) virility (2) vandalism
(3) barbarity (4) sedentary

Directions (Qn. 164 - 167): Read the passage given below and answer the questions that follow:

Bansilal's train was late and it reached Mumbai a little after midnight. It was his first visit to the city, and he didn't know where to go. He thought he would go to a choultry where he would not have to pay rent, but he did not know how to find one at that hour. He asked the porter to get him a cheap room. The porter said that if Bansilal gave him three rupees, he would take him to one. But Bansilal waived him away and walked out of the station. He wandered through the streets and asked a number of people, but could not find a room cheap enough for him. He sat down on a park bench to think of what he should do next. He was very tired and fell asleep on the bench. He woke up the next morning stiff in every limb - but he smiled when he realized that it was the cheapest night's lodging that he had ever had.

164. Bansilal is a man of
(1) miserly nature
(2) generous nature
(3) only one incident has been mentioned
(4) None

165. "But Bansilal waived him away." What does 'waived' here mean?
(1) Agreed
(2) Scolded
(3) Refused to pay
(4) Bargained for sometime

166. "He woke up the next morning stiff in every limb." What does "stiff in limb" refer to?
(1) Tired
(2) Sick
(3) Felt as if his bones were broken
(4) None

167. "He was very tired and fell asleep on the bench." Which word in the sentence tell you that Bansilal had not planned to sleep on the bench.
(1) Fell asleep (2) Tired
(3) Own the bench (4) None

Directions: (Qn. 168 - 170): Choose from the four altenatives the words which best complete the sentence:

168. The Vice Chancellor's _____ answer led to an outcry from the students.
(1) uncontrolled (2) persuasive
(3) unjustified (4) evasive

169. No one could understand _____
(1) What did she say
(2) What was he saying
(3) What he did say
(4) What he was saying

170. In the attack the enemy were completely wiped _____
(1) off (2) away
(3) over (4) out

खंड D · भाषा योग्यता – हिन्दी · Hindi Language

प्रश्न 171–200 · 90 अंक

171. इनमें से किस विकल्प में शब्द का अर्थ सही नहीं है?
(1) डीठ - दृष्टि (2) द्विप - हाथी
(3) निर्जर - देवता (4) पीक - कोयल

172. 'मर जाने की इच्छा' के लिए उपयुक्त शब्द इनमें से कौनसा है?
(1) मुमुक्षु (2) मुमूर्षा
(3) बुभुक्षु (4) मरणासन्न

173. 'जो अत्यंत कष्ट से निवारित किया जा सके' के लिए उपयुक्त शब्द इनमें से कौन सा है?
(1) अनिवार्य (2) दुर्निवार
(3) निवार्य (4) अप्रतिम

174. हिन्दी वाक्य रचना में स्वीकृत पद क्रम इनमें से कौन सा है?
(1) कर्ता, क्रिया, कर्म
(2) कर्ता, कर्म, क्रिया
(3) कर्म, कर्ता, क्रिया
(4) कर्म, क्रिया, कर्ता

175. 'जब मैं जयपुर में था तब स्वयं खाना बनाता था।' इस वाक्य में किस प्रकार का आश्रित उपवाक्य है?
(1) क्रिया विशेषण उपवाक्य
(2) संज्ञा उपवाक्य
(3) संज्ञा एवं विशेषण उपवाक्य
(4) विशेषण उपवाक्य

176. इनमें से मिश्र वाक्य कौन सा है?
(1) रमेश, दिनेश और करीम फुटबॉल खेल रहे हैं।
(2) रमेश आया, दिनेश गया और करीम पढ़ने बैठा।
(3) रमेश ने कहा कि वह गाँव जा रहा है।
(4) रमेश काम करता है परंतु उसे सफलता नहीं मिलती।

177. इनमें से किस विकल्प के सभी शब्द शुद्ध हैं?
(1) युधिष्ठर, विपन्नवस्था, भ्रत्य
(2) अत्योक्ति, स्वावलम्बन, विरहणी
(3) गौरव, गत्यवरोध, परितोषिक
(4) अन्त्याक्षरी, अपराह्न, श्रृंगार

178. इनमें से किस विकल्प के सभी शब्द शुद्ध हैं?
(1) माहात्म्य, सहस्र
(2) गव्हर, आनन्द
(3) सदोपदेश, इप्सित
(4) निश्कंटक, रविन्द्र

179. इनमें से किस विकल्प के सभी शब्द शुद्ध हैं?
(1) तपस्वीनी, वांगमय
(2) प्रज्वलित, क्रांन्ति
(3) स्वातन्त्र्य, उच्छृंखल
(4) द्वन्द, अतिथि

180. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य शुद्ध है?
(1) चिंता एक भयंकर व्याधि है।
(2) कोहिनूर एक अमूल्य हीरा है।
(3) राम अपने धुन में जा रहा था।
(4) मराठी की लिपि देवनागरी है।

181. इनमें से कौन सा वाक्य अनावश्यक शब्द प्रयोग के कारण अशुद्ध है?
(1) वह सचिवालय कार्यालय में लिपिक है।
(2) रातभर गधे भौंकते रहे।
(3) मीरा एक प्रसिद्ध कवि थी।
(4) आज हवा उण्डी चल रही है।

182. 'सदाचारी के साथ बुरा बर्ताव करने' के संदर्भ में इनमें से कौन सी कहावत उपयुक्त है?
(1) नेकी कर दरिया में डाल
(2) नेकी और पूछ पूछ
(3) नेकी का बदला बदी
(4) नेवता बामन शत्रु बराबर

183. 'धूर्त साधु का बुरा आचरण' के लिए इनमें से कौन सी कहावत उपयुक्त है?
(1) हाथ कौड़ी न बाजार लेखा
(2) हाथ सुमिरनी, बगल कतरनी
(3) हाथ कसीदा आसमान पर दीदा
(4) हाथ में खाना पात में लाना

184. 'एक आँख से देखना' मुहावरे का अर्थ इनमें से कौन-सा है?
(1) काना होना
(2) समान भाव रखना
(3) अधूरा उपकार करना
(4) कपट्य भरा व्यवहार करना

185. 'पित्रुक्ति' शब्द में कौन सी संधि है?
(1) अयादि संधि (2) व्यंजन संधि
(3) यण संधि (4) गुण संधि

186. इनमें से 'यण' संधि का उदाहरण नहीं है-
(1) महौदार्य (2) न्यून
(3) मात्रुपदेश (4) देव्यालय

187. 'सच्चिदानन्द' शब्द में इनमें से कौन सी संधि है?
(1) व्यंजन, स्वर (2) व्यंजन, व्यंजन
(3) स्वर, व्यंजन (4) व्यंजन, विसर्ग

188. इनमें से किस विकल्प में व्यंजन संधि का उदाहरण नहीं है?
(1) उल्लंघन (2) वागीश
(3) ज्योतिर्लिंग (4) संसार

189. इनमें से किस विकल्प में कर्मधारय समास नहीं है?
(1) शुभागमन (2) गुरुदक्षिणा
(3) नीलोत्पल (4) चंद्रमुख

190. 'प्राप्तोदक' में कौन सा समास है?
(1) द्विगु
(2) कर्मधारय
(3) सम्प्रदान तत्पुरुष
(4) कर्म तत्पुरुष

191. इनमें से किस विकल्प में सभी शब्द अपादान तत्पुरुष समास के हैं?
(1) पदच्युत, देशनिकाला
(2) पथ भ्रष्ट, विद्यालय
(3) दयाद्र, अमचूर
(4) वनवास, राजमाता

192. 'अनु' उपसर्ग से बना हुआ शब्द कौन सा नहीं है?
(1) अन्वय (2) अनुकूल
(3) अनुर्वर (4) अनुज

193. इनमें से किस शब्द में उपसर्ग का गलत प्रयोग हुआ है?
(1) अभीप्सा (2) अभ्यान्तर
(3) अभ्यर्थी (4) अभीष्ट

194. इनमें से किस शब्द में विदेशी प्रत्यय का प्रयोग नहीं हुआ है?
(1) लुटेरा (2) थानेदार
(3) यादगार (4) तोपची

195. इनमें से किस शब्द में मूल शब्द 'कृ' नहीं है?
(1) कर्ता (2) कर्तव्य
(3) कृष्ण (4) कार्य

196. इनमें से किस विकल्प के सभी शब्द पर्यायवाची नहीं हैं?
(1) पटु, निपुण, दबंग
(2) वक्र, तिर्यक, कुटिल
(3) मधुप, भृंग, अलि
(4) जुन्हाई, चंद्रिका, ज्योत्सना

197. इनमें से किस विकल्प के सभी शब्द 'मही' के पर्यायवाची नहीं हैं?

(1) अवनि, इला
(2) अचला, भू
(3) शैलजा, मेदिनी
(4) धरा, पृथ्वी

198. इनमें से किस विकल्प में गलत विलोम शब्द है?

(1) अथ-इति
(2) अपकार-उपकार
(3) उन्मूलन-रोपण
(4) उचित-अनुचित

199. इनमें से किस विकल्प में गलत विलोम शब्द है?

(1) सृष्टि-प्रलय
(2) वृद्धि-ह्रास
(3) ह्रस्व-दीर्घ
(4) पुष्ट-हृष्ट

200. इनमें से किस विकल्प में शब्द का सही अर्थ नहीं है?

(1) कृषानु-किसान
(2) कपिश-मटमैला
(3) कपि-बंदर
(4) कृत्ति-मृगचर्म

Answer Key · उत्तर कुंजी

ParinamSetu answer key (unofficial, verified by our editors) – BSTC 2017, 30 April 2017. Numbers are option numbers (1–4).

1	**1**	41	**1**	81	**2**	121	**1**◇	161	**1**
2	**2**	42	**3**	82	**1**	122	**3**◇	162	**2**
3	**3**	43	**3**	83	**3**	123	**3**◇	163	**2**
4	**4**	44	**3**	84	**4**	124	**2**◇	164	**3**⚠
5	**3**	45	**2**†	85	**2**	125	**3**◇	165	**3**
6	**1**	46	**2**	86	**4**	126	**1**◇	166	**3**
7	**4**	47	**1**	87	**2**✎	127	**3**◇	167	**1**
8	**4**	48	**2**	88	**4**	128	**4**◇	168	**4**
9	**3**	49	**4**	89	**3**	129	**3**◇	169	**4**
10	**3**	50	**4**†	90	**3**	130	**3**◇	170	**4**
11	**2**	51	**2**	91	**2**✎	131	**1**◇	171	**4**
12	**2**	52	**1**	92	**1**	132	**4**◇	172	**2**
13	**4**	53	**3**	93	**2**	133	**3**◇	173	**2**
14	**4**	54	**4**	94	**1**	134	**1**◇	174	**2**
15	**3**	55	**3**	95	**3**	135	**2**◇	175	**1**
16	**3**	56	**2**	96	**4**	136	**3**◇	176	**3**
17	**3**	57	**4**	97	**4**	137	**3**†	177	**4**
18	**2**	58	**4**	98	**3**	138	**2**†	178	**1**
19	**2**	59	**2**	99	**1**	139	**2**†	179	**3**
20	**1**	60	**1**	100	**2**	140	**3**◇	180	**2**
21	**4**	61	**4**	101	**2**◇	141	**1**◇	181	**1**
22	**3**	62	**3**	102	**1**◇	142	**3**◇	182	**3**
23	**1**	63	**2**	103	**4**◇	143	**2**◇	183	**2**
24	**4**	64	**3**	104	**4**◇	144	**4**◇	184	**2**
25	**1**	65	**3**	105	**1**◇	145	**2**◇	185	**3**
26	**2**	66	**2**	106	**3**◇	146	**2**◇	186	**1**
27	**1**	67	**2**	107	**2**◇	147	**2**◇	187	**2**⚠
28	**1**	68	**1**	108	**3**◇	148	**4**◇	188	**3**
29	**3**	69	**3**	109	**4**◇	149	**3**◇	189	**2**
30	**3**	70	**1**	110	**3**◇	150	**2**◇	190	**4**
31	**2**	71	**2**†	111	**3**◇	151	**1**	191	**1**
32	**1**	72	**3**†	112	**3**◇	152	**2**	192	**3**
33	**4**	73	**4**†	113	**3**†	153	**1**	193	**2**
34	**1**	74	**1**	114	**2**◇	154	**4**	194	**1**
35	**4**	75	**2**	115	**1**◇	155	**3**	195	**3**
36	**3**	76	**1**	116	**1**◇	156	**1**	196	**1**
37	**1**	77	**4**	117	**4**⚠	157	**3**	197	**3**
38	**3**	78	**3**	118	**3**◇	158	**2**	198	**1**⚠
39	**1**	79	**1**	119	**3**◇	159	**2**	199	**4**
40	**3**	80	**4**	120	**1**◇	160	**2**	200	**1**

(no mark) = our check agrees with the answer in the scanned solved copy ✎ = we changed the copy's answer

† = answer partly unreadable in the scan; solved by us ◇ = judgement-based (Teaching Aptitude); standard pedagogy

⚠ = disputed / ambiguous

Counts: agree 140 · changed 2 · solved by us (†) 9 · judgement-based 45 · disputed 4.

Disputed or ambiguous questions (⚠) – do not treat as final:

- **प्र. 117** – स्कैन की कुंजी (4) है, पर "सबसे मजबूत अवरोधक" का उत्तर अध्यापन-शास्त्र की दृष्टि से राय-आधारित है; आधिकारिक कुंजी उपलब्ध नहीं।
- **प्र. 164** – स्कैन की कुंजी (3) है। अनुच्छेद में केवल एक घटना है, इसलिए (3) तर्कसंगत है; पर पाठक (1) भी चुन सकते हैं क्योंकि वह सबसे सस्ता कमरा ढूँढता है। आधिकारिक कुंजी उपलब्ध न होने से इसे विवादित माना गया है।
- **प्र. 187** – इस प्रश्न के विकल्प असामान्य रूप से लिखे हैं: सत्+चित्+आनन्द में व्यंजन+व्यंजन (सत्+चित् = सच्चित्) और व्यंजन+स्वर (चित्+आनन्द = चिदानन्द) दोनों सन्धियाँ हैं। स्कैन की कुंजी (2) है; आधिकारिक कुंजी उपलब्ध नहीं, इसलिए इसे अस्पष्ट माना गया है।
- **प्र. 198** – स्कैन की कुंजी (1) है, परन्तु चारों जोड़ियाँ सामान्यतः विलोम मानी जाती हैं; हमारे संपादक किसी एक जोड़ी को स्पष्ट रूप से गलत सिद्ध नहीं कर सके। आधिकारिक कुंजी उपलब्ध नहीं।

Method, sources and transcription notes

- **Questions:** typed from a scanned copy of the 30.4.2017 Pre-BSTC paper and proof-read against the page images. All 200 questions were captured. Explanations printed in that copy were not used.
- **Answers:** the University of Kota's official 2017 key could not be retrieved. We used the answers marked in the scanned solved copy as a first reference, then solved each reasoning, mathematics, English and Hindi question ourselves. Rajasthan GK items were checked by our editors; the items we changed (✎) were checked against published Rajasthan history notes. Teaching Aptitude answers (◇) follow standard teaching practice and can differ from the official key.
- **Illegible parts:** where the scan was unclear we kept the closest reading and listed it below. No question was invented.

Answers we changed (✎):

- **प्र. 87** – हमारा उत्तर **(2)**। स्कैन की कुंजी (1) बीकानेर है, पर राजस्थान इतिहास की स्रोत-सामग्री (rajasthangyan.com, gkquiz.net और 'Prajamandal Movement in Rajasthan' पुस्तक) के अनुसार बीकानेर प्रजामंडल की स्थापना कलकत्ता में हुई थी।
- **प्र. 91** – हमारा उत्तर **(2)**। स्कैन की कुंजी (4) है, पर राजस्थान के पुरालेख-स्रोतों (dailyhindipaper.com, vidhyarthidarpan.com, gkclass.com) के अनुसार खरीता एक शासक द्वारा दूसरे शासक को भेजा गया पत्र होता है; जबकि अधीनस्थ कर्मचारियों को भेजे गए पत्र को परवाना कहते हैं।

Transcription notes

- **प्र. 20** – चिह्नों की स्कैन-छपाई धुंधली है; प्रश्न का पाठ हल (व्याख्या) की गणना से मिलाकर पढ़ा गया।
- **प्र. 45** – स्कैन में इस प्रश्न का उत्तर-कोष्ठक पृष्ठ के किनारे पर कटा हुआ है; उत्तर हमने स्वयं हल करके निकाला है (4×2, ×3, ×4, ×5, ×6, ×7 → 72 की जगह 96 होना चाहिए)।
- **प्र. 47** – कूट शब्द स्कैन में "HPCODR" छपा है (GOODNESS के 8 अक्षरों के लिए अधूरा दिखता है); हमने इसे जैसा छपा है वैसा ही रखा है।
- **प्र. 112** – स्कैन में विकल्प (3) "सम्पादक की पत्र" छपा है; स्पष्ट छपाई-त्रुटि मानकर "सम्पादक को पत्र" लिखा गया है।
- **प्र. 118** – प्रश्न में "फलक" शब्द स्कैन में जैसा छपा है वैसा ही रखा गया है।
- **प्र. 144** – स्कैन में "एक शिक्षक" के स्थान पर "एसक शिक्षक" छपा है; स्पष्ट छपाई-त्रुटि मानकर "एक" लिखा गया है।
- **प्र. 158** – स्कैन में शब्द "disposition" का छपा रूप धुंधला ("dispositon") है; मानक वर्तनी रखी गई है।
- **प्र. 190** – प्रश्न का शब्द स्कैन में धुंधला है ("प्रा?ोदक"); विकल्पों और हल से मिलाकर "प्राप्तोदक" पढ़ा गया।
- Answers for 45, 50, 71, 72, 73, 113, 137, 138, 139: the scanned answer is clipped at the page edge, so we show our own solution (†).

Independent educational resource. ParinamSetu is not affiliated with the University of Kota, VMOU or any government body. For the official papers, notices and answer keys, use the University of Kota website (uok.ac.in) and the VMOU website (vmou.ac.in).